फा.सं. 5-1/2019-भाषा-I

भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

भाषा प्रभाग

कमरा सं. 502-डी

शास्त्री भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 19 जून, 2019

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: निदेशक, केंद्रीय हिन्दी निदेशालय (सीएचडी), नई दिल्ली के पद को पे-मैट्रिक्स के लेवल-13 (123100-215900/-रूपये) में भरे जाने के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय, आर.के.पुरम, नई दिल्ली के पद की रिक्ति को पे-मैट्रिक्स के **लेवल 13 (123100-215900 रूपये)** में प्रतिनियुक्ति (अल्प-अवधि अनुबंध सहित) पर भरने हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करने का निदेश हुआ है। केंद्रीय हिंदी निदेशालय, उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत एक संबद्ध कार्यालय है।

2. आवेदन के लिए प्रारूप सहित पद के विवरण और अर्हता की शर्तें संलग्न हैं।

3. नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवार को प्रतिनियुक्ति/अनुबंध, जैसा भी मामला हो, पर माना जाएगा और वह भारत सरकार के वर्तमान नियमों से शासित होगा। एक बार चयनित किए जाने पर उम्मीदवार को नाम वापस लेने की अनुमति नहीं होगी।

4. कृपया, इस रिक्ति को उपयुक्त व्यक्तियों के बीच परिचालित करें और परिपूर्ण एवं अद्यतन वार्षिक गोपनीय रिपोर्टें/एपीएआर सहित निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन (दो प्रतियों में) अधोहस्ताक्षरी को एंम्पलॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में उपर्युक्त पद के लिए विज्ञापन प्रकाशित होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उन उपयुक्त व्यक्तियों के आवेदन प्रेषित करें, जिन्हें चयनित होने की स्थिति में संबंधित पद के लिए छोड़ा जा सके।

5. आवेदनों को अग्रेषित करते समय कृपया यह सत्यापित और प्रमाणित किया जाय कि उम्मीदवारों द्वारा दिए गए विवरण सही हैं और अधिकारी के विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई अपेक्षित अथवा लंबित नहीं है। अधिकारी की सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित की जाए।

6. अपूर्ण और उन आवेदनों, जिनके साथ एसीआर डोजियर संलग्न नहीं होंगे, पर विचार नहीं किया जाएगा।

सुमन दीक्षित

**(सुमन दीक्षित)**

**उप सचिव (भाषा)**

**फोन: 011-2307 2112**

संलग्नक: यथोपरि

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय और विभाग।
2. निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय, नई दिल्ली।
3. सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव।
4. मानव संसाधन विकास मंत्री के निजी सचिव/सचिव (उच्चतर शिक्षा विभाग) के निजी सचिव।
5. सभी केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति।
6. यूजीसी के अधीन सभी विश्वविद्यालयों में परिचालन हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली।
7. सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ कि वे इस रिक्ति का सभी विश्वविद्यालयों/अनुसंधान निकायों आदि में व्यापक प्रचार-प्रसार करें।
8. निदेशक (राजभाषा), मानव संसाधन विकास मंत्रालय की राजभाषा इकाई, शास्त्री भवन को विज्ञापन का हिन्दी रूपांतरण शीघ्र तैयार करने के लिए।
9. सूचना और प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली को रिक्त पद के बारे में एयर मीडिया पर उचित प्रचार-प्रसार करने के लिए।
10. निदेशक, एनआईसी, एमएचआरडी से अनुरोध है कि, सीएचडी के पद हेतु मसौदा विज्ञापन को एमएचआरडी, उच्चतर शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करें।
11. महानिदेशक, डीएवीपी, फेज IV, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ कि (विज्ञापन के **अंग्रेजी और हिन्दी** रूपातंरणों सहित) वे इस विज्ञापन को देशभर के एम्प्लॉयमेंट न्यूज, रोजगार समाचार और समाचार-पत्रों (डीएवीपी द्वारा सूचीबद्ध) में तत्काल जारी करें। देश भर के समाचार-पत्रों (डीएवीपी की सूची के अनुसार) में प्रकाशित होने वाले इस विज्ञापन में आवेदन प्रपत्र नहीं दिया जाएगा। **विज्ञापन का नोट-2,** जिसमें उम्मीदवारों को आवेदन प्रपत्र सहित अन्य विवरणों को प्राप्त करने के लिए, दिनांक 3-9 अगस्त 2019 एंप्लॉयमेंट न्यूज और रोजगार समाचार में प्रकाशित उपर्युक्त विज्ञापन का संदर्भ लेने की सलाह दी गई है, को एंप्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन की तारीख को शामिल करते हुए **देशभर के समाचार-पत्रों** में जारी किए गए विज्ञापन में भी शामिल किया जाए। (क) एंप्लॉयमेंट न्यूज, (ख) रोजगार समाचार औ(ग) डीएवीपी की सूची के अनुसार समाचार-पत्रों में प्रकाशित करने के लिए आकलन शीघ्र ही प्रस्तुत किए जाने चाहिए, जिससे मानव संसाधन विकास मंत्रालय डीएवीपी को आवश्यक भुगतान कर सके।

सुमन दीक्षित

**(सुमन दीक्षित)**
**उप सचिव (भाषा)**
**फोन: 011-2307 2112**

**भारत सरकार**
**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**
**भाषा प्रभाग**

## निदेशक के पद के लिए विज्ञापन

केंद्रीय हिंदी निदेशालय, नई दिल्ली में पे-मैट्रिक्स के **पे-लेवल-13 (123100-215900 रूपये) में प्रतिनियुक्ति के आधार (अल्पावधि अनुबंध सहित)** पर निदेशक का पद भरने के लिए नीचे उल्लिखित योग्यताएं और अनुभव रखने वाले पात्र उम्मीदवारों से एंप्लॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में प्रकाशित निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्र मानव संसाधन विकास मंत्रालय की वेबसाइट www.education.nic.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

**वेतनमान :** पे-मैट्रिक्स (123100-215900 रूपये) में पे-लेवल 13

**भर्ती की विधि :** प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन अनुबंध सहित)

**प्रतिनियुक्ति की अवधि :** प्रतिनियुक्ति की अवधि (आईएसटीसी) सामान्यत: पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी जिसमें इस नियुक्ति के ठीक पहले इसी या किसी अन्य संगठन या केन्द्र सरकार के विभाग के किसी अन्य बाह्य संवर्ग पद की प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) की अवधि शामिल है।

**आयु सीमा :** प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति (आईएसटीसी) की अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख की गणना के अनुसार 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। [आवेदकों की आयु की गणना एंप्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में प्रकाशित पद के विज्ञापन के अनुसार आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख के अनुसार होगी]।

**चयन का क्षेत्र :** प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन अनुबंध सहित)

केन्द्र या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों या विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त शोध संस्थाओं या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या सांविधिक या स्वायत्त संगठनों के अधिकारी:

(क) (i) जो मूल संवर्ग या विभाग में समकक्ष पद पर नियमित आधार पर तैनात हों;

अथवा

(ii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में पे-मैट्रिक्स में पे-लेवल - 12 में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में 05 वर्ष के सेवा पूरी कर ली हो या;

अथवा

(iii) जिन्होंने, मूल संवर्ग या विभाग में पे-मैट्रिक्स में पे-लेवल-11 में

नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में 10 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो;

और

(ख) जो निम्नलिखित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव रखते हों :

| | |
|---|---|
| अनिवार्य योग्यताएं और अनुभव | (i) स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में संस्कृत के साथ हिंदी में स्नातकोत्तर डिग्री<br>या<br>(ii) स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में हिंदी के साथ भाषा विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री;<br>और<br>(i) शिक्षण या पारिभाषिक शब्द कार्य में आठ वर्ष का अनुभव।<br>(ii) प्रशासनिक और पुस्तक प्रकाशन में दो वर्ष का अनुभव। |
| वांछनीय योग्ताएं: | (1) हिन्दी या संस्कृत या भाषा विज्ञान में पीएच.डी<br>(2) हिंदी या संस्कृत में शोध कार्य, जो प्रकाशित कार्यों से परिलक्षित होता हो<br>(3) एक वर्ष का शोध कार्य |
| अंतिम तारीख : | सभी दृष्टि से पूर्ण और संबंधित विश्वविद्यालय/कॉलेज/विभाग इत्यादि द्वारा उचित माध्यम से अग्रेषित विधिवत रूप से भरा हुआ आवेदन एंम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में उक्त पद के लिए विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिन के भीतर श्रीमती सुमन दीक्षित, उप सचिव, भारत सरकार, भाषा प्रभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, कमरा नं. 525, सी-विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001 के पास पहुंच जाना चाहिए। |
| नोट-1:- | जो अभ्यर्थी केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त शासी निकाय/संघ राज्य क्षेत्र अथवा अन्य शासकीय निकायों में सेवारत हैं, उन्हें अपना आवेदन उचित माध्यम से निष्ठा प्रमाण-पत्र एवं इस आशय का प्रमाण-पत्र, कि उनके विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई न तो चल रही है और न ही लंबित है, के साथ भेजा जाना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ गत पांच वर्ष की ए.सी.आर. की सत्यापित प्रतियां भी भेजी जानी आवश्यक हैं। |
| नोट-2:- | आवेदन प्रपत्र सहित अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करने के लिए उम्मीदवार दिनांक 3-9 अगस्त 2019 के एंप्लॉइमेंट न्यूज तथा रोजगार समाचार में प्रकाशित उपर्युक्त पद का विज्ञापन देख सकते हैं। |

## आवेदन के लिए प्रपत्र

**फोटो**

1. नाम :

2. जन्म तिथि :

3. केंद्र/राज्य सरकार के नियमानुसार सेवानिवृत्ति की तिथि :

4. शैक्षणिक अर्हताएं :

5. क्या इस पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं संतोषजनक हैं। (यदि कोई ऐसी अर्हता, जो नियम में उल्लिखित किसी अर्हता के समकक्ष हो, इसके लिए कृपया उस प्राधिकार का उल्लेख करें) :

| अपेक्षित अर्हताएं | | अधिकारी द्वारा धारित अर्हताएं |
|---|---|---|
| अनिवार्य 1,2<br><br>वांछनीय 1,2 | | |

6. धारित पद जिस दिनांक से तैनात है, वेतनमान और वेतन :

7. चयन के विषय क्षेत्र में अनुभव :

8. सेवा का ब्यौरा :

i) नियोक्ता एवं पद का नाम :
ii) कब से कब तक तैनात है :
iii) वेतनमान :
iv) कार्य की प्रकृति :
v) नियुक्ति की प्रकृति यथा तदर्थ या नियमित :

9. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंध रखते हैं :

10. टिप्पणी, यदि कोई हो :

11. वर्तमान डाक पता :

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

दिनांक : ..................

**नियोक्ता द्वारा अग्रेषित नोट**

i) प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी के विवरणों की जांच की गई और सही पाया गया।

ii) प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी के विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित अथवा/और विचाराधीन नहीं है। अधिकारी की सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित है।

iii) आवेदक के संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी ने उक्त पद के लिए आवेदन करने हेतु आवेदक को अनुमति दे दी है।

iv) इस आवेदन को अग्रेषित करते समय आवेदक के पिछले पांच (5) वर्ष की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट की सत्यापित प्रतियां संलग्न हैं।

*नोट:- यदि एसीआर/एपीएआर अनुकूल/संगत नहीं है, नियोक्ता को एसीआर/एपीएआर भेजने के स्थान पर उसे स्पष्ट रूप से प्रमाणित करना होगा।

नियोक्ता की ओर से प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित

**(कार्यालयाध्यक्ष के हस्ताक्षर)**
**(मुहर सहित)**

**स्थान:** ........................
**दिनांकः** ......................